रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09
मोबाइल : 9314618091
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ
(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 24/01/2024

राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर का उद्घाटन

आज दिनांक 24 जनवरी 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया | उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय सचिव डॉ बी एल देवेन्दा, अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर, प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक , डॉक्टर रेणू वार्ष्णेय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया | प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि आत्मनिर्भर बनने के लिए समय का सदुपयोग और अनुशासन बेहद जरूरी है तथा इसके लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के मंच से विद्यार्थियों को जोड़ा जाता है ताकि शिक्षा के साथ इन गुणों का विकास भी हो | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने शिविर की रूपरेखा स्वयंसेविकाओं को समझाते हुए बताया कि आप लोग पूरे शिविर के दौरान श्रमदान, रचनात्मक गतिविधियों एवं सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों में उत्साह पूर्वक भाग ले एवं लोकतांत्रिक जीवन के मूल्यों को सीखे और आगे जाकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे | इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का सामूहिक गान किया गया | मानसिक शक्ति के विकास और एकाग्रता हेतु श्रीमती राधे रानी तिवारी द्वारा मेडिटेशन और ओम ध्वनि का उच्चारण करवाया गया | शिविर के प्रथम दिवस के दूसरे सत्र में स्वयं सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया गया जिसमें सभी जगह पर साफ सफाई की गई तथा पौधों की सार संभाल कर, क्यारियाँ बनाई गई | तत्पश्चात शारीरिक स्फूर्ति हेतु सतोलिया खेल का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं सेविकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया | अंतिम सत्र में स्वयंसेविकाओं के मध्य समूह चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने अपने विचार साझा किये तथा वैचारिक सहिष्णुता तथा असहमति प्रकट करने के तौर तरीकों को सीखा | स्वयंसेविकाओं द्वारा स्वयं के लिए भोजन तैयार किया गया तथा सामूहिक रूप से भोजन किया गया | महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीना द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया और राष्ट्रगान के साथ शिविर के प्रथम दिवस के कार्यक्रम का समापन किया गया |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/2008-09
Mob. 9314618091
Mail ID- info@svmmcollege.com
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई
स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय
रुपनगढ़ - अजमेर
स्वय से पहले आप
सात दिवसीय विशेष शिविर
24.1.2024 से 30.1.2024 तक
Hamara Sankalp

राष्ट्रीय सेवा योजना
राष्ट्रीय सेवा योजना

Mob. 9314618091
" स्वयं से पहले आप "
राष्ट्रीय सेवा योजना
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़
सात दिवसीय विशेष शिविर
दिनांक: 24.1.2024 से 30.1.2024 तक
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई
स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय
रुपनगढ़ - अजमेर